## संपादकीय

# जनादेश का संदेश

सही मायनों में पांच राज्यों खासकर तीन हिंदी भाषी राज्यों की जनता ने राजनेताओं को स्पष्ट संदेश दिया है कि हवा-हवाई वादों का जमीन पर भी असर दिखना चाहिए। यह भी कि बेरोजगारों व किसानों को नजरअंदाज करके सुनहरे सपने दिखाने से काम नहीं चलेगा। एकतरफा जनादेश की आशा पालने वाली कांग्रेस के लिए भी संकेत है कि उसकी सरकारों का भविष्य भी इस बात पर निर्भर करेगा कि वे जनाकांक्षाओं पर किस हद तक खरी उतरती हैं। निःसंदेह राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनने के ठीक एक साल बाद विपक्ष के नेता के रूप में छवि हासिल कर पाये हैं। लंबे समय से सत्ता से बाहर रहने वाले कांग्रेसियों के लिए चुनाव परिणाम प्राणवायु की तरह हैं। बशर्ते वे आने वाले आम चुनाव तक सजगता-सि यता बनाये रखें। कहना जल्दबाजी होगा कि यह जनादेश मोदी-शाह की जोड़ी के लिए खतरे की घंटी है। निर्विवाद रूप से मोदी की अजेय छवि प्रभावित हुई है, उनके बूते विधानसभा चुनाव जीतने का तिलिस्म टूटा है। मगर नहीं भूलना चाहिए कि इस जोड़ी ने देश में चुनाव-शैली में अप्रत्याशित बदलाव करके बार-बार चौंकाया है। फिर इन चुनाव परिणामों ने उन्हें चेताया है।

चुनावों के दौरान जो कर्कश आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला चला, उसके बाद राहुल गांधी ने जिस सौम्यता के साथ मुख्यमंत्री रहे भाजपा के नेताओं के कामकाज को सराहा और उनके काम को आगे बढ़ाने की बात कही, वह सुखद है। ऐसी ही भाषा डॉ. रमन सिंह, शिवराज चौहान व वसुंधरा राजे ने भी अभिव्यक्त की। बहुत संभव है मोदी-शाह की जोड़ी बाकी बचे समय में उस आ ामकता का परित्याग करे, जिसके लिये उन्हें दंभी कहा जाता रहा है। संभव है कि राजग के कई दलों के अलग होने और शिव सेना जैसे अन्य दलों के तेवर दिखाने के बाद नये सहयोगी तलाशने के लिये मोदी लचीला रुख अपनायें। नहीं भूलना चाहिए कि मिजोरम में कांग्रेस ने सरकार गंवाई है, तेलंगाना में गठबंधन हारा है और मध्यप्रदेश व राजस्थान में भाजपा से कांग्रेस को कड़ी चुनौती मिली है। ऐसे में इन परिणामों को 2019 का सेमीफाइनल मान लेना निष्कर्षों की सरल व्याख्या होगी। कहा भी जा रहा है कि जैसा 19 का पहाड़ा याद करना बेहद मुश्किल होता है, 2019 का आम चुनाव भी खासा जटिल होने वाला है। जनता ने हार-जीत के कई पत्ते अभी राजनेताओं से साझे नहीं किये हैं। जनता सोशल मीडिया के दौर में काफी सचेत है। आम चुनावों के लिये बाकी महीनों में कई नये विमर्श व रणनीतियां सामने आएंगी, ऐसे में फाइनल का निष्कर्ष देना दूर की कौड़ी ही होगी।

# फेसबुक में नया बग, 68 लाख यूजर्स का डेटा हुआ लीक

नई दिल्ली (आरएनएस)। आयरलैंड की डाटा प्रोटेक्शन संस्था ने फेसबुक की जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी ने स्वीकार किया है कि एक ''बग'' या तकनीकी खामी के कारण उसके 68 लाख उपयोगकर्ताओं के अकाउंट प्रभावित हुए, जिसके बाद शुक्रवार को यह जांच शुरू की गई। आइरिश डाटा प्रोटेक्शन कमीशन (डीपीसी) की जांच नए सख्त यूरोपीय निजता कानूनों के तहत होगी। ऐसी ही जांच अक्टूबर में भी की गई थी जब फेसबुक ने पांच करोड़ यूजर्स के अकाउंट की सुरक्षा में सेंध लगने की बात स्वीकार की थी।




संचार प्रमुख ग्राहम डॉयले ने कहा, आइरिश डीपीसी को 25 मई 2018 को जनरल डाटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन के आने के बाद से फेसबुक से सुरक्षा में सेंध लगने के कई नोटिफिकेशन मिले हैं।

डीपीसी के पास फेसबुक की जांच करने का प्राथमिक यूरोपीय अधिकार प्राप्त है क्योंकि कैलिफोर्निया स्थित सोशल नेटवर्किंग कंपनी का अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय डबलिन में है। जीडीपीआर कानून नियामकों को निजी डाटा की सुरक्षा करने में नाकाम रही कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की शक्ति देता है।

गौरतलब है कि फेसबुक में आए एक नए बग के कारण करीब 68 लाख फेसबुक यूजर्स के अकाउंट प्रभावित हुए हैं। फेसबुक का कहना है कि यह बग 12 दिन 13 से 25 सितंबर तक रहा है जिसे 25 सितंबर को ठीक कर दिया गया था। इस बग के कारण फेसबुक यूजर्स की फोटो लीक हुई है।

# रेलवे ने इस कारण रद्द कीं साढ़े 300 से ज्यादा ट्रेनें

नई दिल्ली। इंडियन रेलवे ने परिचालन कारणों से शनिवार को 354 ट्रेनों को रद्द कर दिया है. रद्द की जाने वाली ट्रेनों में सबसे ज्यादा पैसेंजर ट्रेनें हैं. रेलवे की ओर से कुछ मेल व कुछ एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के साथ ही कुछ स्पेशल रेलगाड़ियों को भी रद्द किया गया है. देशभर में रेलवे के अलग-अलग जोन में चल रही मरम्मत के कारण कई जगह पर ट्रैफिक ब्लॉक लिए गए हैं. ऐसे में गाड़ियों के बेहतर परिचालन के लिए इन गाड़ियों को रद्द किया गया है.



**स्टेशनों पर भी उद्घोषणा से दी जा रही जानकारी**

रेलवे ने नेशनल ट्रेन इंक्वारी सिस्टम पर रद्द की गई रेलगाड़ियों की सूची जारी की है. उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में घने कोहरे के मद्देनजर भी ट्रेनों को रद्द किया गया है. रद्द हुई रेलगाड़ियों की सूचना रेलवे की तरफ से वेबसाइट पर दी जाने के अलावा स्टेशनों पर उद्घोषणा के जरिये यात्रियों को बताया जा रहा है. 139 सेवा पर एसएमएस कर के भी गाड़ियों की स्थिति जान सकते हैं.

वहीं जिन यात्रियों की रेलगाड़ी रद्द हो गई है वो अपना टिकट रद्द करा कर पूरा रिफंड प्राप्त कर सकते हैं.

## लॉजिटेक ने लांच किया वायरलेस देवनागरी की बोर्ड

नई दिल्ली। कंप्यूटर, लैपटॉप आदि के लिए एसेसरीज बनाने वाली प्रमुख कंपनी लॉजिटेक इंडिया ने डिजिटल अंतर को पाटने में मदद के उद्देश्य से अपने डिजि भारत अभियान के तहत देवनागरी कीबोर्ड लाँच करने की है। कंपनी ने यहां कहा कि देवनागरी कीबोर्ड के दो मॉडल उतारे गये हैं जिसमें वायरलेस और वायर कीबोर्ड शामिल है। लॉजिटेक के 120 और लॉजिटेक एमके 235 देवनागरी कीबोर्ड उतारे गये हैं। के 120 कीबोर्ड किफायती और वायर वाला कीबोर्ड है जिसकी कीमत 695 रुपये है। इस पर तीन वर्ष की गांरटी भी मिलेगी।एमके 235 वायरलेस कीबोर्ड है और इसके साथ माउस भी है।



## इस्पात उत्पादक सेल ने 1 दिन में हॉट मेटल उत्पादन का बनाया नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े इस्पात उत्पादक सेल ने कहा है कि गुरुवार को उसने एक दिन में रिकॉर्ड 55,282 टन 'हॉट मेटल' का उत्पादन किया. यह कंपनी द्वारा किसी एक दिन में किया गया अब तक का सबसे अधिक उत्पादन है. सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने 13 दिसंबर को 55,282 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया, जो एक दिन में सर्वाधिक उत्पादन है.इससे पहले सेल ने 24 नवंबर को एक दिन में सर्वाधिक 54,786 टन का उत्पादन किया था. कंपनी ने कहा कि वह अपने नये संयंत्रों के जरिए उत्पादन को बढ़ा रही है. कंपनी ने अपने राउरकेला, इस्को और भिलाई संयंत्रों में नई धमन भट्टियां चालू की हैं. सेल के राउरकेला इस्पात संयंत्र ने भी वृहस्पतिवार को 13,501 टन तप्त धातु उत्पादन का नया कीर्तिमान बनाया है.



## मलिंगा को न्यूजीलैंड सीरीज़ में वनडे, टी-20 की कमान



कोलंबो (आरएनएस)। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) की चयन समिति में बदलाव ने टीम के सीमित ओवर प्रारूप के नेतृत्व को भी बदल दिया है जिसके बाद अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ लसित मलिंगा को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज़ में वनडे और ट्वंटी 20 प्रारूप की कप्तानी दी गयी है। विकेटकीपर बल्लेबाज़ निरोशन डिकवेला को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।

# पहली पारी समाप्त, 326 पर ऑलआउट हुई ऑस्ट्रेलिया



पर्थ (आरएनएस)। आस्ट्रेलिया ने यहां पर्थ स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को अपनी पहली पारी में 326 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया है। आस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत छह विकेट के नुकसान पर 277 रनों के साथ की। टिम पेन (38) और पैट कमिंस (19) ने संयम से बल्लेबाजी की। हालांकि वह ज्यादा देर टिक नहीं पाए और पवेलियन लौट लिए।

इन दोनों ने सातवें विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी कर आस्ट्रेलिया को 300 से पहले सिमटने से बचाया। आस्ट्रेलिया के लिए मार्कस हैरिस ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए जिसके लिए उन्होंने 141 गेंदों का सामना करते हुए 10 चौके लगाए। एरॉन फिंच ने 105 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 50 रनों की पारी खेली। ट्रेविस हेड ने 58 रनों का पारी खेली।

## हॉकी विश्वकप में नहीं होगा समापन समारोह

भुवनेश्वर (आरएनएस)। ओड़िशा सरकार ने हॉकी विश्वकप के दो दो उद्घाटन समारोह की कड़ी आलोचना के बाद फैसला किया है कि टूर्नामेंट में फाइनल के दिन कोई समापन समारोह नहीं होगा। आयोजकों ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि टूर्नामेंट में कोई समापन समारोह नहीं होगा। रविवार को कांस्य पदक और स्वर्ण पदक मुकाबलों के बाद केवल खिलाड़ियों को पदक और विजेता टीम को ट्रॉफी वितरित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट के पहले उद्घाटन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम हुआ था जिसमें बॉलीवुड किंग शाहरूख खान ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी थी। इसमें ऑस्कर विजेता संगीतकार ए आर रहमान ने भी अपनी प्रस्तुति दी थी। इसके बाद दूसरे उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड के दबंग अभिनेता सलमान खान पहुंचे थे।




## आज का राशिफल

मेषः गणेशजी की कृपा से आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आप स्नेहीजनों, आत्मजनों एवं मित्रों के साथ सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की ओर से लाभ होगा एवं उनके पीछे धन भी खर्च हो सकता है।

वृषभः गणेशजी के अनुसार, आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज आप नए कार्यों का आयोजन कर पाएंगे। नौकरीपेशा एवं व्यावसायिकों के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा लोगों पर उच्चाधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी।

मिथुनः मानसिक रूप से आज का दिन दुविधाओं और उलझनों से भरा हो सकता है। शारीरिक रूप से अशक्त होने और आलस्य के कारण कार्य में उत्साह नहीं रहेगा।

कर्कः आज गणेशजी को आप का दिन प्रतिकूलताओं भरा प्रतीत हो रहा है। अतः सुझाव देते हैं कि किसी नए कार्य का प्रारंभ ना करें व उपचार एवं शल्यचिकित्सा आज न कराएं।

सिंहः गणेशजी को आज का दिन मध्यम फलदायी लगता है। दांपत्य जीवन में तू-तू मैं-मैं हो सकती है। आज व्यापार के क्षेत्र में भी भागीदारों के बीच मनमुटाव हो सकता है।

कन्याः गणेशजी कहते हैं कि आज आपके लिए दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण छाया रहेगा और मन भी प्रसन्न रहेगा। सुखद प्रसंग बनेंगे। आपका आरोग्य अच्छा रहेगा।

तुलाः आज आपका दिन सुखपूर्वक बीतेगा। बौद्धिक प्रवृत्तियों एवं चर्चाओं में दिन बीतने की संभावना है। आज कल्पनाशक्ति एवं सृजनात्मकशक्ति का श्रेष्ठ उपयोग आप कर पाएंगे।

वृश्चिकः आज का दिन शांतिपूर्ण रूप से व्यतीत करने की जरूरत है क्योंकि मन चिंताग्रस्त रहने और निजी संबंधियों से अनबन के योग हैं। स्वास्थ्य के विषय में चिंता होगी, धनहानि एवं यशहानि हो सकती है। स्त्रियों एवं पानी से भय रहेगा।

धनुः आज आप गूढ़रहस्यों और आध्यात्मिकता के रंगों में रंगे रहेंगे। बंधु-बांधवों के साथ आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। नए कार्यों के प्रारंभ के लिए समय अच्छा है। मित्रों एवं स्नेहीजनों से मुलाकात होगी।

मकरः आज आप शेयर मार्केट, सट्टे एवं व्यापार में पूंजी लगाएंगे। आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। परिजनों के साथ विवाद से गृहस्थ वातावरण बिगड़ सकता है। गृहणियों को किसी कारणवश मानसिक असंतोष हो सकता है।

कुंभः गणेशजी के अनुसार, आज आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से उत्साहित रहेंगे। आर्थिक रूप से दिन लाभदायी है। कुटुंबीजनों एवं मित्रों के साथ सैर-सपाटे पर जा सकते है।

मीनः गणेशजी यह सोचते हैं कि आज मानसिक व्याकुलता अधिक रहेगी अतः एकाग्रता की कमी हो सकती है। धार्मिक कार्यों में धन खर्च हो सकता है। पूंजी निवेश में आज विशिष्ट ध्यान रखने की जरूरत है। स्वजनों से आज आप दूर रहें क्योंकि उनसे मनमुटाव की आशंका है।

# धार्मिक मान्यताओं पर मूल नक्षत्र में सूर्य का 16 दिसंबर को प्रवेश

सूर्य दिनांक 16 दिसम्बर को धनु राशि के मूल नक्षत्र में सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर प्रवेश करेंगे। सूर्य का धनु राशि में प्रवेश मल मास व पोष संक्रांति के नाम से जाना जाता है। 14 जनवरी को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेगा तब मल मास भी समाप्त हो जाएगा। धार्मिक मान्यताओं में इस मल मास में मांगलिक कार्यों पर प्रतिबंध लग जाता है।



आकाश मंडल में स्थित 27 नक्षत्रों में से मूल नक्षत्र पूर्वाषाढा नक्षत्र तथा उत्तराषाढा नामक नक्षत्र होते हैं जो धनु राशि के तारा समूह में होते हैं। सूर्य अपनी धुरी पर भ्रमण करता हुआ जब धनु राशि के मूल नक्षत्र में प्रवेश करता है तो उसे मल मास के नाम से या पोष संक्रांति के नाम से जाना जाता है।

धनु राशि के मूल नक्षत्र में सूर्य का तापमान बढने लगता है। कारण धनु राशि स्वंय अग्नि तत्व प्रधान होती है और सूर्य स्वयं अग्नि तत्व का कारक होता है। आकाश में धनु राशि का आधिपत्य वृहस्पति ग्रह के अधीन होता है और वह आकाश तत्व तथा हेमंत ॠतु के कारक होते हैं।

सूर्य व धनु राशि के अग्नि तत्व और बृहस्पति ग्रह के आकाश तत्व का ठंडे घर में यह खेल प्रचंड ठंड को पैदा कर देता है और सूर्य की गरमी ठंडी पडने लग जाती है। इसी समय सूर्य इस खेल के मैदान से मुंह मोड़ कर उत्तर की ओर जाने लगता है और यही सूर्य का उत्तरायन कहलाता है। सात दिनों के इस खेल में अर्थात जो 16 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक होता है।

# बांग्लादेश ने विंडीज को 8 विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीती

सिलहट। तमीम इकबाल और सौम्य सरकार के अर्द्धशतकों की मदद से बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां विंडीज को तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 8 विकेट से हराकर 3 मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीत ली। बांग्लादेश ने विंडीज को 50 ओवरों में 8 विकेट पर 198 रन ही बनाने दिए थे।

तमीम 81 रनों की पारी खेलकर नाबाद रहे जबकि सौम्य सरकार ने 81 गेंदों में 80 रन बनाए जिससे बांग्लादेश ने इस लक्ष्य को 38.3 ओवर में 2 विकेट पर 202 रन बनाकर हासिल कर लिया। मेहमान टीम के लिए साई होप ने अकेले बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली और श्रृंखला में लगातार दूसरा शतक जड़ा। लेकिन उनका सैकड़ा भी टीम के काम नहीं आ सका, क्योंकि दूसरे छोर पर उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला।



पिछले मैच में 144 गेंदों में नाबाद 146 रन बनाने वाले होप ने 131 गेंदों में 108 रनों की पारी खेली। इससे उन्होंने श्रृंखला में कुल 297 रन जोड़े। इससे पहले बांग्लादेश के लिए 'मैन ऑफ द मैच' रहे मेहदी हसन मिराज ने 4 विकेट अपनी झोली में डाले जबकि कप्तान मशरफी मुर्तजा और स्पिनर शाकिब अल हसन को 2-2 विकेट मिले।

## चटपटे मेथी के परांठे बनाने की विधि



सर्दियों के मौसम में सभी को टेस्टी और चटपटा खाने का मन करता है। आज हम आपको मेथी की परांठे बताने जा रहे है।

सामग्री-

आटा 500 ग्राम
मेथी 250 ग्राम
धनिया पत्ती 2 बड़े चम्मच बारीक कटी हुई
नमक स्वादानुसार
लाल मिर्च पाउडर 1/2 छोटा चम्मच
हल्दी पाउडर 1/2 छोटा चम्मच
धनिया पाउडर 1/2 छोटा चम्मच
हींग 1 चुटकी
सौंफ 1 छोटा चम्मच पिसी हुई
हरी मिर्च 2
लहसुन 4 कलियां
तेल तलने के लिए

विधि-

सबसे पहले हरी मिर्च और लहसुन का बारीक पेस्ट बना ले। अब एक बाउल में आटा, मेथी, धनिया पत्ती, नमक, लाल मिर्च, हल्दी, धनिया पाउडर, सौफ, हींग, मिर्च और लहसुन का पेस्ट डाल कर अच्छी तरह से मिला ले।अब इसमें थोड़ा थोड़ा सा पानी डालकर इसका कड़ा आटा गूंथ लें। अब इसको 5 मिनट के लिए ढक कर सेट होने को रख दे। 5 मिनट के बाद हाँथो को तेल से ग्रीस करे और आटे को अच्छी तरह से मल ले।अब गैस पर तवा चढ़ाए। आटे की लोई को तोड़ के इसके परांठे बना ले। तवे पर मध्यम आंच पर दोनों तरफ से तेल लगा कर परांठे सेक ले। तैयार है मेथी के परांठे। गर्मागर्म सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-18

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 17 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## सू-दोकू-18

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 17 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |